Digital Edition

# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Website : www.demokraticfront.com

वीरवार, 5 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4

चंडीगढ़

E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

# दलित, पिछड़े, गरीब व किसानों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है बीजेपी : भूपेंद्र हुड्डा



### ◆नीतिगत तरीके से शिक्षा तंत्र को पूरी तरह निजी हाथों में सौंप रही बीजेपी- हुड्डा

### ◆स्कूलों में टीचर और सुविधाओं का भारी टोटा : हुड्डा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** बीजेपी सरकार दलित, पिछड़े वर्ग, गरीब व किसान वर्ग के बच्चों को हर एक सुविधा और शिक्षा से वंचित करना चाहती है। इसलिए नए स्कूल बनाना तो दूर, बीजेपी सरकार पहले से स्थापित स्कूलों में बिजली, पानी, टॉयलेट और बैठने के लिए बेंच तक मुहैया नहीं करवा रही है। यही वजह है कि अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से भरोसा उठता जा रहा है और सरकार शिक्षा तंत्र को धीरे-धीरे प्लानिंग के तहत निजी हाथों में सौंप रही है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा ने सरकारी स्कूलों की हालत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश के शिक्षा तंत्र की सच्चाई सबके सामने आ चुकी है।

स्कूलों की खस्ता हालत से नाराज हाई कोर्ट ने पिछले दिनों बीजेपी-जेजेपी सरकार पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। यह किसी भी सरकार के लिए शर्मसार करने वाला झटका था। लेकिन ऐसा लगता है कि इस झटके के बाद भी बीजेपी सत्ता के नशे में मदमस्त सो रही है और वो हरियाणा के शिक्षा तंत्र को नीतिगत तरीके से बर्बाद कर रही है। खुद शिक्षा मंत्री ने भी माना है कि स्कूलों में टीचर्स की भारी कमी है और ड्रॉ आउट रेट बहुत ज्यादा है। लेकिन सवाल ये है कि 10 साल से सत्ता में होने के बावजूद बीजेपी ने स्कूलों की हालत सुधारने के लिए क्या किया? बीजेपी ने सत्ता में आते ही टीचर्स की भर्तियां बंद कर दी। इस सरकार ने 10 साल में अब तक एक भी जेबीटी की भर्ती नहीं की। आज हालत ये है कि शिक्षा विभाग में 50 हजार पद खाली पड़े हुए हैं। स्कूलों में जो टीचर्स नियुक्त हैं, उनसे भी सरकार पढ़ाई का काम छुड़वाकर कभी मंडी व मेलों में ड्यूटी करवाती है तो कभी परिवार पहचान पत्र बनाने जैसे कामों में।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजने के लिए बाकायदा नीति बनाई है। सरकार का कहना है कि जो बच्चे सरकारी स्कूल छोड़कर प्राइवेट में जाएंगे, उन्हें सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यहां तक कि प्राइवेट स्कूलों को भी सरकार द्वारा सरकारी स्कूल गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसी सरकार ने मर्जर के नाम पर करीब 5000 स्कूलों को बंद करने का फरमान सुनाया है। बीजेपी सरकार द्वारा हाई कोर्ट में दिए गए हलफनामे से पता चलता है कि आज हरियाणा के 131 सरकारी स्कूलों में पीने का पानी तक नहीं है। 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया। हर घर शौचालय का नारा देने वाली सरकार ने 538 स्कूलों में लड़कियों के लिए एक भी शौचालय नहीं बनवाया। 1047 स्कूलों में तो लड़कों के लिए भी शौचालय नहीं है। छात्रों के लिए स्कूलों में 8240 और क्लासरूम की जरूरत है। हैरानी की बात यह है कि सुविधाओं व संसाधनों का इतना टोटा होने के बावजूद शिक्षा विभाग ने 10,676 करोड़ रूपये की ग्रांट को बिना इस्तेमाल के सरकार को वापिस भेज दिया। यही वजह है कि सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिर्फ एक साल के भीतर 4,64,000 विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल छोड़ दिए। बीजेपी सरकार द्वारा सैंकड़ों करोड़ रुपये से खरीदे गए टैबलेट भी सफेद हाथी साबित हुए हैं। पूरे सत्र में टैबलेट अपडेट ही नहीं किए और विद्यार्थी उन्हें इस्तेमाल नहीं कर पाए। सरकार बताए कि अगर ये टैबलेट इस्तेमाल ही नहीं करने थे तो इसपर जनता का गाढ़ी कमाई का 612 करोड़ रुपया क्यों खर्च किया गया था। हुड्डा का कहना है कि स्कूल ही नहीं, प्रदेश कॉलेज व विश्वविद्यालयों की स्थिति बेहद चिंतनीय बनी हुई है। शिक्षण संस्थाओं की हालत पर आई रिपोर्ट में पता चलता है कि प्रदेश के स्कूलों में 26000 से ज्यादा टीचर्स तो कॉलेज में 4738 सहायक प्रोफेसर के पद खाली पड़े हुए हैं। कॉलेजों में भी करीब 1 लाख यूजी तो 19,000 पीजी की सीटें खाली पड़ी हुई हैं। सरकार शिक्षा पर जीडीपी का महज 2त्न खर्च करती है, जबकि नई शिक्षा नीति 6त्न खर्च करने की सिफारिश करती है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में जमकर विकास हुआ था। कांग्रेस सरकार ने महेंद्रगढ़ में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनवाया, 12 नए सरकारी विश्वविद्यालय बनवाए, 154 नए पॉलिटेक्निक कॉलेज, 56 नए आईटीआई, 4 नए सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज खोले। बाबा साहेब अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनाई। प्रदेश में आईआईएम, आईआईटी एक्सटेंशन, ट्रिपल आईटी कैंपस जैसे राष्टीय स्तर के दर्जनभर संस्थान स्थापित करवाए। साथ ही राजीव गांधी एजुकेशन सोसाइटी सोनीपत में बनवाई, जिसमें देश की कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी बनी हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान 2623 नए स्कूल बनाए गए, 1 नया सैनिक स्कूल रेवाड़ी, 6 नए केंद्रीय विद्यालय बनवाए और हर जिले में DIET खोले थे। कांग्रेस ने 25000 जेबीटी, 25000 टीजीटी-पीजीटी, स्कूल स्टाफ, 50000 यूनिवर्सिटी, इंस्टिट्यूट स्टाफ समेत शिक्षा विभाग में 1 लाख से अधिक नौकरियां दी थीं।

## एक नजर

## बांग्लादेश में साम्प्रदायिक हिंसा में मृत हिन्दुओं की आत्मा की शांति के निमित्त 108 गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ महायज्ञ किया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं एवं हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके अलावा वहां साम्प्रदायिक हिंसा में 100 से अधिक हिन्दुओं की मौत हो चुकी है। इनकी आत्मा की शांति के निमित्त आज श्री हनुमंत धाम, सेक्टर 40-बी में नारी जागृति मंच व पिंक ब्रिगेड द्वारा की ओर से 108 गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ महायज्ञ किया गया एवं साथ ही हिंदुओं पर अत्याचार एवं हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त करने के प्रति रोष भी व्यक्त करते हुए कड़ी निंदा की गई। इस अवसर पर प्रधान श्रीमती नीना तिवारी ने कहा कि यह एक बहुत ही दुख की बात है कि हमारे हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं तथा उन्हें निर्दयता से मारा जा रहा है। हमारे हिंदू संतो को बिना किसी कारणवश जेल में बंद कर दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रार्थना की कि वह इस समस्या का समाधान निकालें और जेल में बंद हिन्दू संत-महात्माओं को बाइज्जत बरी करवाया जाए एवं हिंदुओं की बांग्लादेश में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करे ताकि भविष्य में भी हिंदुओं, मंदिरों और वहां रह रहे संत-महात्माओं के ऊपर कोई आंच ना आ सके। मंच के सदस्य पाल शर्मा, उषा सिंगला, कुमुद, गायत्री, अलका जोशी, सरला, सुदर्शन शर्मा, सुनीता आनंद, दीप्ति, राज कालिया, कंचन, कृष्णा, उर्मिल, निर्मल जोशी इत्यादि भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## बस मोटरसाइकिल भिड़ंत में मां बेटा घायल




**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** प्रात: काल निजी स्कूल की बस सूरेवाला से उकलाना की तरफ बच्चों को लेने आ रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार युवक तथा उसके पीछे बैठी उसकी मां दुर्घटना होने से घायल हो गए उनको एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें उनकी पहचान अमन पुत्र राजेश तथा पूजा पत्नी राजेश के रूप में हुई। घटना प्रात: काल की थी । अस्पताल से अमन को बरवाला के लिए भेजा गया बताया जाता है कि शाम तक वह वापस उकलाना हॉस्पिटल लौट चुका था। स्कूल बस चालक द्वारा घटना को टालने के लिए ज्यादा जोर से ब्रेक लगाया गया था जिस कारण फ्रंट का शीशा भी टूट गया था और मोटरसाइकिल बस के सामने बीच में आ गया था। जिसमें मां बेटा दोनों गिर गए थे ऐसी हालत में चोट ज्यादा होने के आसार लग रहे थे। हालकि मौके पर पुलिस ने आकर मामले की जांच शुरू की थी। वही उकलाना पुलिस में जब इस बारे संपर्क किया गया तो सांयकाल तक कोई प्राथमिकता दर्ज नहीं हुई।

## पठन-पाठन के साथ आचरण में भी सुधार हो यही है शिक्षा : रामरत्न






**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** नजदीक के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इन्दाछोई में उत्सव जैसा वातावरण रहा। राज्य स्तरीय कल्चरल फैस्ट में कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान पर रही टीमों के लिए प्रार्थना सभा में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामरतन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि सुनील कांटिवाल ने की। प्रधानाचार्य रामकुमार डावर ने समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इन्दाछोई गाँव के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र मे अग्रणी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का अर्थ समझाते हुए पठन-पाठन के साथ-साथ आचरण में सुधार लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विजेता छात्रों को स्मृति चिह्न देने के साथ ही इस उपलब्धि के सूत्रधार रहे ड्रामा टीचर गुरमेल सिंह तथा सहयोगी भूमिका के लिए तरसेम कुमार, अनिल गौतम, रामकुमार डावर, सुरेश कुमारी, सरोज तथा टीम लीडर योगेश शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विजयी छात्रों के लिए प्रोत्साहन जुलूस निकाला गया। डीजे की धमक के साथ गाड़ी पर विजेता विद्यार्थियों को लेकर पूरे गाँव की गलियों को आह्लादित करते हुए विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने खुशियाँ साँझा की। इस अवसर पर पंच ईश्वर सिंह, शुभचरण मलिक, रीना, अनीता आदि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




## इनरव्हील क्लब मोहाली ने जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को दी साइकिलें

**डेमोक्रेटिक फ्रंट मोहाली.** इनरव्हील क्लब, मोहाली सिम्फनी ने एक कार्यक्रम आयोजित करके जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को शिक्षा अध्ययन हेतु आवागमन के लिए वाहन की असुविधा तथा असमर्थता होने के कारण छह लेडी साइकिलें प्रदान की गईं। क्लब चेयरमैन सुजाता आहूजा की अगुआई में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर श्री गणेश वन्दना और क्लब के प्रार्थना गीत से हुआ। सुजाता आहूजा ने क्लब द्वारा किये गए कार्य की सराहना की। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रंजनदीप गिल ने कहा कि इनरव्हील क्लब हमेशा जरूरतमंद और असहाय लोगों की निरंतर सहायता के लिए तत्पर और आगे रहता है। हरेक के लिए और विशेषतया ल ?कियों के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। किन्ही भी कारणों से शिक्षा में रुकावट या व्यवधान नही आना चाहिए। अगर कोई असमर्थ है, तो समाज को या संस्था को आगे आकर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित और सहायता करनी चाहिए। सचिव संगीता अग्रवाल व वित्त सचिव अमिता अरो ?ा ने कहा कि मेधावी छात्राओं के शिक्षण कार्य में समय-समय पर उनके लिए जो भी सहयोग आवश्यक होगा वह क्लब द्वारा पूरा किया जाएगा। बेटियां कल का भविष्य है। इनको शिक्षित करके समाज दो परिवारों का भविष्य तय करता है। बेटियां आगे बढ़े तो देश का भविष्य निश्चित रूप से अच्छा होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संगीता सूद, जिला आईएसओ श्रीमती नीलू वालिया, उपाध्यक्ष नीलिमा अरोड़ा, संयुक्त सचिव भावना पुरी, कोषाध्यक्ष अमिता अरोड़ा, आईएसओ संध्या मलिक व ऑडिटर सीमा मल्होत्रा भी मौजूद रहे।

## सामाजिक न्याय को नकारने के लिए गढ़ा गया राष्ट्रविरोधी नारा 'बटेंगे तो कटेंगे' : राजीव शर्मा



**डेमोक्रेटिक फ्रंट ( विनोद कुमार तुषावर ) चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी देश को धर्म के आधार पर बांटने के लिए दशकों से एक घृणास्पद और सांप्रदायिक मुहिम चला रही है। लेकिन जैसे-जैसे जनता को असलीयत समझ आ रही है, इस संविधान विरोधी मुहिम का असर कमज़ोर पड़ता जा रहा है। इसलिए अब भाजपा की हताशा स्पष्ट नज़र आ रही है। सत्ता पर काबिज बने रहने की ललक में उसे अब और अधिक आक्रामक और उग्रवादी रुख अपनाने पर मजबूर होना पड़ा है,

इसी के चलते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक भड़काऊ नारा बटेंगे तो कटेंगे गढ़ने का काम किया है, जिसका अर्थ है कि अगर आप एकजुट नहीं रहेंगे, तो आपको काट दिया जाएगा, नारा बनाने वालों ने शुरू में यह स्पष्ट नहीं किया कि एकजुट रहने का आह्वान किसको किया गया था और उनके तथाकथित काटने वाले की पहचान भी नहीं बताई गई थी। बहुत से लोगों ने अनुमान लगा लिया कि नारे के द्वारा संभवत: सभी धर्मों को मानने वाले 140 करोड़ भारतीयों को बाहरी दुश्मनों से खतरों का मुकाबला करने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया गया था। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं था। अक्टूबर 2024 में जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह नारा केवल हिंदुओं को गैर हिन्दुओं द्वारा पेश खतरे का सामना करने के लिए एकजुट होने के लिए प्रेरित करता है, तो इसको गढ़ने के पीछे भाजपा की देश का साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश की पोल खुल गई, बेशक बटेंगे तो कटेंगे का नकारात्मक और विभाजनकारी नारा यही दर्शाता है कि भाजपा बहुसंख्यक समुदाय में डर की झूठी भावना पैदा करने का काम कर रही है। हालाँकि अभी तक भाजपा के शीर्ष नेताओं ने सीधे तौर पर उन संगठनों या समुदायों के नाम घोषित नहीं किए हैं जो उनके अनुसार कथित रूप से काटने-पीटने का काम कर सकते हैं, लेकिन दत्तात्रेय होसबोले के बयान ने काफ़ी कुछ स्पष्ट कर दिया है। कोई भी समझदार व्यक्ति आसानी से यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि एक साजिश के तहत भाजपा देश के सभी गैर-हिंदू अल्पसंख्यकों यानी सिख, मुस्लिम, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य गैर-हिंदू समूहों को बहुसंख्यक समुदाय का विरोधी बता कर उन्हें अकारण ही निशाना बनाने की कोशिश कर रही है। इस से यह स्पष्ट होता है कि भाजपा का बटेंगे तो कटेंगे का विध्वंसात्मक नारा न केवल बहुसंख्यक समुदाय को डराने की एक कोशिश है बल्कि देश के सभी अल्पसंख्यक समुदायों पर निराधार आरोप लगा कर देश में साम्प्रदायिक वैमनस्य पैदा करने का एक षडयंत्रकारी प्रयास है। इसके अलावा, भाजपा का यह नारा में देश की एकता और अखंडता और मूल संवैधानिक मूल्यों को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इसी तरह से यह नारा विविधता में एकता के हमारे लोकाचार और हमारे गौरवशाली स्वतंत्रता संग्राम की भावना को भी गंभीर रूप से कमजोर करता हैं। सच तो यह है कि हमारे लोकतंत्र के लिए देश की कुल आबादी के 80त्न हिस्से वाले बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यकों के खिलाफ खड़ा करने के भाजपाई प्रयास से यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ हो ही नहीं सकता, प्रधानमंत्री को देशहित में बटेंगे तो कटेंगे जैसे षडयंत्रकारी नारों की कड़े शब्दों में निंदा करनी चाहिए थी पर दुर्भाग्य से वह स्वयं और उनके साथ भाजपा के अन्य मंत्री, मुख्यमंत्री भी साम्प्रदायिक उन्माद को भड़काने वाले ऐसे नारों का धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे हैं, जो देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। प्रधानमंत्री और भाजपा को यह समझना चाहिए कि बहुसंख्यक समुदाय के बीच भय फैलाने के लिए निराधार प्रचार देश की एकता, अखण्डता और लोकतंत्र को कमज़ोर कर देगा, ऐसा प्रतीत होता है कि नकारात्मकता से ओत प्रोत यह ज़हरीला नारा श्री राहुल गांधी द्वारा देश हित में ज़ोरदार तरीके से उठाए जा रहे सामाजिक न्याय के शक्तिशाली मुद्दे का मुकाबला करने के लिए भाजपा का हताशा भरा प्रयास है।

## चार नव-नियुक्त न्यायाधीशों को सम्मानित किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** कृष्णा जुडिशियरी कोचिंग के 34 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित हरियाणा जुडिशियरी परीक्षा में सफलता हासिल कर कानूनी शिक्षा में नई मिसाल कायम की है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए कोचिंग संस्थान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चार नव-नियुक्त न्यायाधीशों मिथाली गोयल, रचित तापड़िया, मंजींदरजीत कौर व नैना जिंदल को शिक्षकों, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय न्यायाधीशों, विशिष्ट व्यक्तित्वों और नागरिक समाज के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। नैना जिंदल ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए बताया कि वह पंजाब के नाभा से हैं। राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) से स्नातक और एनएलयू दिल्ली से एलएलएम करने वाली नैना ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी अटूट मेहनत और कृष्णा जुडिशियरी कोचिंग के निदेशक डॉ. सचिन गोयल के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष मैं पंजाब जुडिशियरी के साक्षात्कार में थोड़े अंतर से चूक गई थी। इस वर्ष मैंने पूरी लगन और समर्पण के साथ तैयारी की। मिथाली गोयल, जो आरजीएनयूएल की ही पूर्व छात्रा हैं और पंजाब के सरहिंद, फतेहगढ़ साहिब से हैं, ने गर्व से बताया कि उन्होंने यह परीक्षा अपने पहले प्रयास में पास की। मिथाली ने कहा कि उन्होंने पिछले दो वर्षों से डॉ. सचिन गोयल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया और इस सफलता के लिए उनके कठिन परिश्रम और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। मंजींदरजीत कौर, जो पंजाब के फिरोजपुर से हैं, ने अपनी सफलता को एक सपने के सच होने जैसा बताया। उनकी दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता, कृष्णा जुडिशियरी कोचिंग की व्यवस्थित तैयारी के साथ, उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई। रचित तापड़िया, जो राजस्थान के भीलवाड़ा से हैं और जीएनएलयू गुजरात के स्नातक हैं, ने इसे अपने परिवार के लिए एक खास पल बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे परिवार के लिए बहुत मायने रखती है क्योंकि उनके बड़े भाई कार्तिक तापड़िया, ने 2018 में दिल्ली जुडिशियल सर्विसेज परीक्षा पास की थी और वर्तमान में साकेत कोर्ट, दिल्ली में न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहे हैं व परिवार के दो सदस्य न्यायिक सेवाओं में होना उनके लिए गर्व का क्षण है। डॉ. सचिन गोयल, कृष्णा जुडिशियरी कोचिंग के निदेशक, ने अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर साल, हमारे संस्थान के कई विद्यार्थी पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की न्यायिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। इस साल की सफलता उनके कठिन परिश्रम और उनकी कानूनी शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



# पंजाबी गायक फिरोज खानः शिल्प मेले में भीड़ के बीच एक बड़ा चेहरा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेले में प्रस्तुति देने वाले बॉलीवुड और पंजाबी संगीत उद्योग के स्टार गायकों की भीड़ में एक प्रमुख चेहरा फिरोज खान रहे, जो एक प्रमुख पार्श्व गायक हैं।

80 से अधिक पंजाबी फिल्मों और एक हिंदी फिल्म %लंदन ड्रीम्स% में अपनी आवाज देने वाले फिरोज खान बुधवार शाम को स्टार गायक रहे। उनके मधुर और सुरीले गीतों ने देश-विदेश में उनके अनगिनत प्रशंसकों के दिलों पर हमेशा अमिट छाप छोड़ी है। उन्हें दिव्य गायक के रूप में जाना जाता है। युवाओं को सलाह देते हुए खान साहब कहते हैं क मैं हमेशा पंजाब के युवाओं को एक ही बात कहता हूं कि वे अपनी बुरी आदतों को छोड़ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। प्रतिभाशाली लोगों की ओर देखें और अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें। वे किसी भी क्षेत्र में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करने में कभी संकोच न करें। प्रतिष्ठित पंजाबी गायक ने नई व आने वाली पीढ़ी के गायकों से गुणवत्तापूर्ण संगीत बनाने और अश्लीलता से मुक्त गीत गाने की अपील की। खान साहब कहते हैं कि संगीत मानव आत्मा का भोजन है। उन्होंने गुणवत्ता वाले गीतों का चयन करने और अच्छे वीडियो ट्रैक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो पंजाब की सभ्यता और संस्कृति के सच्चे रंगों को दर्शाए।खान साहब कहते हैं कि गीतों में अश्लीलता को प्रलोभन के रूप में परोसा जा रहा है और इसे रोकने में सभी को साथ आना चाहिए। ऐसे न तो गाने लिखे जाएं, न ही गाए जाएं और न ही लोग उन्हें पसंद करें। साफ-सुथरे गीत लिखने और गाने की जरूरत है, जिन्हें कोई भी अपने परिवार के साथ बैठकर सुन और देख सके।







## एक नजर

### केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीबी उन्मूलन के 100 दिन चलने वाले कैपेन का 7 दिसम्बर को पंचकूला से करेंगे शुभारंभ

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने आज लघु सचिवालय के सभागार में 7 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों को आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन सम्बन्धित उचित दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 7 दिसंबर 2024 को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधुनष ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा टीबी उन्मूलन को लेकर 100 दिन के कैपेन का शुभारंभ करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी भी टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। निशा यादव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को बिजली, पानी, सफाई, मंच, बैठने की व्यवस्था, कानून व्यवस्था सहित अन्य उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व हरियाणा सरकार का उद्देश्य पूरे देश को टीबी मुक्त करना है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए 100 दिवसीय कैपेन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान टीबी की घटनाओं और मृत्युदर में कमी करके पूरे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर एसडीएम गौरव चौहान, नगराधीश विश्वनाथ, उप सिविल सर्जन डा. विकास गुप्ता, डा. यादवेन्द्र, जिला टीबी अधिकारी डा. अपराजिता, नायब तहसीलदार हरदेव सिंह सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिकायत आते ही परिषद की टीम ने विश्वकर्मा कॉलोनी से उठवाया टावर का गिरा सामान

## लघु सचिवालय, नगर निगम और एसडीएम कार्यालय कालका में प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का हो रहा आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में आज लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यदिवस में लघु सचिवालय के अलावा नगर निगम कार्यालय पंचकूला और एसडीएम कार्यालय कालका में भी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों को आयोजन कर शिकायतों का निपटान किया जा रहा है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील की कि वो समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं को रखकर निपटान करवाएं।

लघु सचिवालय में आज एसडीएम गौरव चौहान की अध्यक्षता में 12 शिकायतों को सुना और अधिकतर का मौके पर ही निपटान किया गया। शिविर के दौरान कालका की विश्वकर्मा कॉलोनी के लोगों ने गिरे हुए टावर का सामान उठाने की गुहार लगाई। नगर परिषद कालका ने समाधान शिविर के समाप्त होने से पहले टावर का सामान उठवाकर शिकायत का निपटान करवाया गया। वहीं गांव बुढ़नपुर निवासी गोपाल ने बिजली निगम से बिजली का बिल ठीक करने की अपील की। शिविर में जिलावासी पवन कुमार ने शिवालिक बोर्ड के अधीन आने वाली सड़क का निर्माण करवाने, सतबीर कटारिया ने रास्ते से कब्जा हटवाने और शीला देवी ने परिवार पहचान पत्र में इनकम को दुरूस्त करवाने की गुहार लगाई। वहीं मोहित कुमार ने अवैध माइनिंग रूकवाने, हरबंस कौर ने अपने मकान पर हुए कब्जे को छुड़वाने की अपील की। इसके अलावा कैलाश चंद ने अपने परिवार पहचान पत्र में जुड़े अनजान लोगों को पीपीपी से बाहर करवाने और एक अन्य शिकायत में 3 दिन से बंद जमीन की रजिस्ट्री को शुरू करवाने की गुहार लगाई।

नगर निगम पंचकूला में आयोजित समाधान शिविर में शहर निवासी प्राणनाथ सूद की प्रॉपर्टी आईडी में मोबाइल नंबर अपडेट की गुहार पर त्वरिक कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया। इस मौके पर नगराधीश विश्वनाथ, जिला राजस्व अधिकारी डा. कुलदीप सिंह, एसीपी आशीष कुमार, डीडब्ल्यूओ विशाल बंसल, एक्सईएन बिजली निगम अशीष चोपड़ा, एक्सईएन पब्लिक हेल्थ समीर शर्मा, एक्सईएन एचएसवीपी एनके पायल, एएफएसओ बलजीत मलिक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईएफसीटी) ने आयोजित किया पहला कैम्पस इन्फ्लुएंसर्स मीट

**डेमोक्रेटिक फ्रंट मोहाली.** इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईएफसीटी) के मीडिया स्टडीज विभाग ने मोहाली में अपनी पहली कैंपस इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन किया। मीट युवाओं के टैलेंट को बढ़ावा देने, उनकी क्रिएटिविटी को प्रोत्साहित करने और कैंपस में सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी । आईएफसीटी की डायरेक्टर डॉ. नेहा मिगलानी ने अपनी उद्घाटनी भाषण में इस प्रकार के आयोजन के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि आईएफसीटी में हम अपने छात्रों और युवा इन्फ्लुएंसर्स की असीमित क्रिएटिविटी को बड़ावा देने में विश्वास रखते हैं। यह आयोजन अगली पीढ़ी की प्रतिभा को पोषित करने और प्रोत्साहित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो फैशन, मीडिया और कॉम्युनिकेशन की दुनिया में नए दृष्टिकोण और नए विचार ला सकते हैं। यह सिर्फ प्रतिभा दिखाने के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसे समुदाय का निर्माण करने के बारे में भी है जहां रचनात्मक कार्यों को समर्थन दिया जाता है। कैम्पस इन्फ्लुएंसर्स मीट ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित किया और उनकी उपलब्धियों और योगदान के बारे में बताया गया। प्रतिष्ठित अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस यंग अचीवर्स को प्रदान किए गए। साहिल इकबाल को ब्लॉगिंग/व्लॉगिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, दिव्या नेगी को एक्टिंग और मॉडलिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, सोनिका चौहान को फैशन इन्फ्लुएंसिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, मन्नत शर्मा को इन्फ्लुएंसिंग और मॉडलिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, एम.ए. मलिक को मॉडलिंग और फैशन इन्फ्लुएंसिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, वरुण पंवार को मॉडलिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस और शिवेश सिंह को एक्टिंग और स्टोरीटेलिंग में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा गया। इस आयोजन में स्टूडेंटस, इन्फ्लुएंसर्स और फैकल्टी मेंबर्स की उत्साही भागीदारी देखने को मिली, जिन्होंने विचारों का आदान-प्रदान किया और आज की क्रिएटिव दुनिया में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के महत्व पर चर्चा की। यह एक प्रेरणा का दिन था, जहां स्टूडेंटस ने न केवल अपने साथियों की उपलब्धियों का जश्न मनाया।

# ज्वालामुखी में 250 छात्रों को 1.25 करोड़ रुपए की मेगा स्कॉलरशिप दी गई

डेमोक्रेटिक फ्रंट ज्वालामुखी / काँगड़ा = सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ज्वालामुखी में अवॉर्ड सेरेमनी में क्रैक एकेडमी ने ज्वालामुखी, हमीरपुर और बिलासपुर के उन 250 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मेरे शहर के 100 रत्न स्कॉलरशिप टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस टेस्ट को क्रैक एकेडमी ने अपनी सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया था। एकेडमी ने 250 छात्रों को ?50,000 प्रति छात्र के हिसाब से कुल ?1.25 करोड़ की स्कॉलरशिप और मुफ्त कोर्स दिए। इस पहल का मकसद छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनके सपनों को साकार करने में मदद करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन शामिल हुए। उनके साथ स्कूल के प्रिंसिपल और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में 59 से ज्यादा स्कूलों और कॉलेजों के 10,800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। क्रैक एकेडमी के सीईओ और फाउंडर नीरज कंसल ने कहा, हमारा मकसद होनहार छात्रों की पढ़ाई में मदद करना है। हम ज्वालामुखी, हमीरपुर और बिलासपुर के इन होनहार बच्चों के सपनों को पंख देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर नीरज कंसल ने शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए स्कूल को 2 कंप्यूटर और 2 प्रिंटर भी गिफ्ट किए और हिमाचल प्रदेश व पूरे देश में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं आयोजित करने की योजना की घोषणा की। वहीं, विधायक संजय रतन ने इस मौके पर कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा की ओर ले जाने में बहुत मदद करते हैं। क्रैक एकेडमी का यह प्रयास काबिले-तारीफ है। उन्होंने स्कूल को 25,000 की सहायता राशि और आगे भी मदद का भरोसा दिया। सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्वालामुखी की प्रिंसिपल पनिता सूद ने कहा कि ऐसी स्कॉलरशिप न केवल उनके प्रतिभा को पहचानती हैं, बल्कि उन्हें बड़े सपने देखने



और अपने लक्ष्यों के लिए अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती हैं। वहीं, स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले छात्रों में से सुजल राणा, अंशिता ठाकुर और सिजल ने अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। सुजल ने कहा कि यह स्कॉलरशिप मेरी शिक्षा और सपनों की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मानव मंगल के प्रतिभाशाली सितारों ने रंगारंग प्रस्तुति में दिया संदेश, जिंदगी छोटी है, इसका भरपूर आनंद लें

## स्कूल के वार्षिक सांस्कृतिक स्टेज शो 'इक्लैट जूनियर्स 24' में स्टूडेंट्स ने मनमोहक अदाओं से जीता दर्शकों का दिल

डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़। मानव मंगल हाई स्कूल, सेक्टर-21 के तीसरी से पांचवीं कक्षा के स्टूडेंट्स के वार्षिक सांस्कृतिक स्टेज शो 'इक्लैट जूनियर्स 24' में छात्रों ने प्रतिभा की छाप छोड़ी। उन्होंने मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देकर अपनी मनमोहक अदाओं से सबका दिल जीत लिया। अपने बच्चों को मंच पर परफार्म करता देख उनके पेरेंट्स बहुत खुश थे तथा सभागार में अपनी सीट पर बैठकर उन्होंने मंच पर उनकी हर एक अदा को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। मानव मंगल स्मार्ट स्कूल के सभागार में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स की हर प्रस्तुति पसंद की गई तथा दर्शकों ने तालियां बजाकर उनकी खूब सराहना भी की। समारोह की शुरुआत स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति से हुई जिसमें साल भर की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। छात्रों ने कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रार्थना के साथ की, जिसमें उन्होंने ईश्वर से मार्गदर्शन और शक्ति की मांग की। इस आकर्षक प्रस्तुति अरदास के माध्यम से उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद दिया। इसके बाद मानव मंगल के प्रतिभाशाली सितारों ने एक रंगारंग प्रस्तुति 'लिव लाइफ' में यह संदेश दिया कि हम पछतावे से भरी जिंदगी न जिएँ। जिंदगी बहुत छोटी है इसलिए इसका भरपूर आनंद लें। सकारात्मक और हमेशा आशावादी रहें। स्टूडेंट्स की ओर से योग करने का लाभ बताती प्रस्तुति सभी को पसंद आई।

इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक सुंदर नृत्य नाटिका 'रामायण' प्रस्तुत की। वहीं, समारोह में स्टूडेंट्स ने पिता के महत्व को बताती भावपूर्ण प्रस्तुति 'माय सुपर हीरो माय डैड' दी जिसमें उन्होंने नृत्य के माध्यम से अपने जीवन में पिता के महत्व के बारे में बताया। इसे देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इस प्रस्तुति में उन्होंने बताया कि भगवान ने हमें कई रूपों में प्यार भेजा है; उनमें से एक है हमारे पिता। एक पिता सिर्फ़ पेरेंट नहीं होता; वह शक्ति का स्तंभ, ज्ञान का खजाना और बिना शर्त प्यार का स्रोत होता है। उनकी उपस्थिति हमारे चरित्र को आकार देती है, उनका मार्गदर्शन हमारा मार्ग प्रशस्त करता है, और उनका बलिदान हमारे भविष्य की नींव रखता है। इसके बाद स्कूल के नन्हें डांसर्स ने 'अतुल्य भारत' पर जीवंत प्रस्तुति दी। युवा मानवाइट्स ने ऊर्जावान और शक्ति से भरी प्रस्तुति द अनस्टॉपेबल्स में यह बताया कि डांस की भाषा सांस्कृतिक बाधाओं को पार करती है और शब्दों के उपयोग के बिना एकता की भावना प्रदान करते हुए संचार का एक तरीका प्रदान करती है। समारोह का मुख्य आकर्षण स्टूडेंट्स द्वारा पेश 'रंग पंजाब दे' रहा जिसने पंजाब की संस्कृति से दर्शकों को रूबरू करवाया।



# किसानों की भलाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू

## फसलों का सही ब्यौरा देकर जोखिम से बचने के लिए बीमा करवाएं किसान

## रबी सीजन में गेहूं, सरसों, जौ, सुरजमुखी व चना की फसलें की गई अधिसूचित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों की फसलों को विभिन्न आपदाओं से सुरक्षा देकर किसानों को आर्थिक आजादी दी जा रही है। फसलों को जोखिम मुक्त बनाने के लिए फसलों का बीमा करवाना जरूरी है। किसानों की भलाई के लिए ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गई है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। अधिक से अधिक किसान इस योजना से जु?कर अपनी फसलों को बीमा रूपी सुरक्षा कवच पहनाऐं। उन्हांने बताया कि रबी सीजन में गेहूं, सरसों, जौ, सुरजमुखी व चना की फसलें अधिसूचित की गई है। उन्हांने बताया कि ऋणी किसान बैकों में अपनी फसलों का सही ब्यौरा देकर अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं व गैर ऋणी किसान कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से 31 दिसंबर तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। किसानों को गेहूं फसल के लिए 464.63 रुपये प्रति एक?, सरसों फसल के लिए 311.85 रुपये प्रति एक?, जौ फसल के लिए 296.10 रुपये प्रति एकड़, सुरजमुखी की फसल के लिए 315 रुपये प्रति एक? तथा चना फसल के लिये 228.38 रुपये प्रति एकड के हिसाब से प्रीमियम देना होगा। उपायुक्त ने बताया कि जो ऋणी किसान इस स्कीम का लाभ नही लेना चाहते वह इस स्कीम से ऑप्टआउट करने का आवेदन अपने बैक में जाकर कर दें सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान स्थानीय आपदाओं, फसल कटाई प्रयोग, फसल कटाई के बाद में हुए नुकसान के सर्वे उपरांत 6 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इसी तरह बीमा कम्पनी भी इस बारे केवल 4 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

उपायुक्त ने एग्रीकल्चर इन्सोरेंस कम्पनी के प्रतिनिधी को आदेश दिए कि फसल बीमा योजना की गाइडलाइन अनुसार अधिक से अधिक किसानों को इस स्कीम का लाभ देने के लिए बैकों में, मंडियों में तथा कृषि विभाग के कार्यालयों में बैनर लगा कर जागरूक करें। बीमा कम्पनी के प्रतिनिधी कृषि विभाग के सभी खण्ड में अपना कार्यालय खोलें, ताकि किसानों को इस स्कीम के लाभ बताए जा सकें तथा किसानों की स्कीम से सम्बन्धित समस्याओं का निपटान किया जा सकें। बीमा कम्पनी किसानों को स्कीम के लाभ बताते हुए कॉमन सर्विस सेन्टर में जाकर विशेष कार्यक्रम करते हुए अधिक से अधिक गैर ऋणी किसानों को पंजीकृत करवाए। मोनिका गुप्ता ने बैकों को भी निर्देश दिए गए कि सभी बैक शाखा इस स्कीम की विशेषताएं बताते हुए बैनर लगाए।

सभी बैक सभी ऋणी किसानों के फसल का नाम, गांव का नाम, फसल का क्षेत्रफल, जमाबन्दी तथा भूमि का रिकार्ड की सूचना ध्यानपूर्वक पोर्टल पर अपलोड करें। सभी बैकों को इन सभी कार्य हेतू अभी से ही अभ्यास करने के आदेश दिए गए है। उन्होंने बताया कि ऋणी व गैर ऋणी किसानों के मामले में किसी प्रकार की गलती पाई जाती है तो उसके लिए सम्बन्धित बैक व कॉमन सर्विस सेन्टर स्वयं जिम्मेदार होगें। बीमा कम्पनी के प्रतिनिधी को आदेश दिए है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की नोटिफिकेशन व दिशा निर्देश की अनुपालना की जाए। किसानों के बीमित क्षेत्रफल की समय सीमा अनुसार जांच की जाए।

## एक नजर

### एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गांव चौधरीवास में मेला आयोजित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गांव चौधरीवास स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में एक मेले एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण एवं किसानों को कृषि की नई-नई तकनीकों के बारे में जागरूक करके कृषि उत्पादन एवं उनकी आय में बढ़ोतरी करना था। मेले में उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खेलकूद तथा सुचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा नई-नई तकनीकों, उच्च क्वालिटी के बीजों, रासायनिक उर्वरकों एव कीटनाशकों का सीमित मात्रा में प्रयोग करने बारे जानकारी दी जा रही है ताकि कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी कि जा सके। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय कुमार डालमिया ने भी उद्यमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ किरण सिंह, अप्रिल एंड टैक्सटाइल्स साइंसेज की विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम एम.रोज, खाद्य एवं पोषण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ वीनू सांगवान, मशरूम फार्मिंग उद्यमी डॉ. विकास वर्मा, डॉ प्रोमिला कृष्ण चहल ने भी अपने अनुभवो एवं ज्ञान को साझा किया। मेले में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने बढ़- चढकर भाग लिया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किए गए मेले में प्रणामी स्वास्थ्य समूह की ओर से लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 10 डाक्टर एवं नर्स की टीम ने लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की।

### राजबीर दुहन बने रोडवेज कर्मचारी यूनियन के हिसार डिपो इकाई के प्रधान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित रोडवेज कर्मचारी यूनियन की हिसार डिपो इकाई का चुनाव सर्वसम्मति से कर लिया गया है। इसमें राजबीर दुहन को पुनः डिपो प्रधान बनाया गया है वहीं अन्य कार्यकारिणी का गठन भी कर लिया गया है। रोडवेज कर्मचारी यूनियन के हिसार डिपो कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी के अनुसार राजबीर दुहन को डिपो प्रधान, कुलदीप फरीदपुर को डिपो चेयरमैन, सुभाष दनौदा को कार्यकारी प्रधान, बलवान ठाकुर को वरिष्ठ उप प्रधान व सतीश लौरा को उप प्रधान चुना गया। इसके अलावा संदीप जैनावास को सचिव, संदीप चहल को कैशियर, दीपक बुड़ाक को प्रेस सचिव, रोशनलाल को आडिटर, सुलतान सिंह को संगठन सचिव, भूपसिंह व अश्वनी कुमार को सह सचिव, मनजीत पूनिया को कार्यालय सचिव, सुभाष जांगड़ा को सह कार्यालय सचिव, प्रदीप डाबड़ा को मुख्य सलाहकार व संदीप गोरछी को सलाहकार बनाया गया। बैठक के बाद प्रधान राजबीर दुहन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा रोडवेज का सबसे मजबूत संगठन है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से कर्मचारियों की लंबित मांगों व समस्याओं के हल के प्रयास किए जाएंगे और यदि जरूरत पड़ी को संगठन संघर्ष से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कर्मचारियों व नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती तथा कर्मचारियों व विभाग हित के संघर्ष करने को तैयार रहें।

### नवंबर मास के दौरान जिले में 20 हजार 267 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की गई

**हिसार/पवन सैनी** उप सिविल सर्जन एवं मलेरिया विभाग के प्रभारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के बचाव बारे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवंबर मास के दौरान जिले में 20 हजार 267 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का कोई नया केस नहीं पाया गया हैं। अगर किसी व्यक्ति में मलेरिया के लक्षण नजर आते हैं तो वे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य करवाएं। मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें पानी इक्ट्ठा रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

### पात्र व्यक्तियों को पेंशन मिलने में न हो अनावश्यक परेशानी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने समाज कल्याण विभाग और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फैमिली आईडी में दर्ज डाटा के अनुसार अगर कोई व्यक्ति पेंशन के लिए पात्र है लेकिन उसकी पेंशन नहीं बनी है, तो तुरंत प्रभाव से क्रीड विभाग और मुख्यालय को पत्र लिखकर प्रोएक्टिव पुश डाटा सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को पेंशन दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं और इस प्रक्रिया में किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी न हो।

यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि फैमिली आईडी में आय संबंधित त्रुटियों को तुरंत सुधारें और सामाजिक कल्याण योजनाओं, विशेषकर पेंशन मामलों का तुरंत निपटारा करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में प्राप्त अन्य शिकायतों के त्वरित समाधान पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने और प्रशासन को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति पेंशन या अन्य योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है तो वह समाधान शिविर में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। जिला प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करेगा। इस अवसर पर हिसार एसडीएम हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, डीएसपी सुनील कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासन में अनुकरणीय योगदान के लिए कर्मचारियों को दिए जाएंगे पुरस्कार : एडीसी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बताया कि राज्य सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना-2024 अधिसूचित की है। योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे कर्मचारियों को पुरस्कृत करके शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जिन्होंने अपने अभिनव कार्यों और असाधारण प्रयासों से प्रदेश में बेहतर शासन में योगदान दिया है। इसमें मुख्य सचिव विवेक जोशी द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है, जो राज्य के सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों कर्मचारियों पर लागू होगी।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राज्य सरकार ने प्रदेशभर में सुशासन को बढ़ावा देने में असाधारण प्रयासों को मान्यता देने के लिए विशिष्ट पुरस्कारों की रूपरेखा तैयार की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन और नवाचार का प्रदर्शन करने वाली टीमों के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कारों को फ्लैगशिप योजना पुरस्कार और राज्य-स्तरीय पुरस्कार में वर्गीकृत किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय फ्लैगशिप योजना के तहत उन प्रमुख परियोजनाओं में शामिल टीमों को सम्मानित किया जाएगा, जिनसे शासन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। इन पुरस्कारों में हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र शामिल है, जिसे संबंधित प्रशासनिक सचिव के माध्यम से प्रत्येक सम्मानित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक फ्लैगशिप योजना के लिए 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। नकद पुरस्कार टीम के सभी सदस्यों में समान रूप से वितरित किया जाएगा, चाहे उनकी व्यक्तिगत रैंक या स्थिति कुछ भी हो, ताकि टीम के भीतर प्रत्येक योगदानकर्ता के लिए उचित मान्यता सुनिश्चित हो सके। फ्लैगशिप योजना पुरस्कारों के साथ-साथ, विभिन्न शासन पहलों में उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों में एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो सम्बन्धित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में रखा जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कारों में नकद पुरस्कार की तीन श्रेणियां बनाई गई हैं, जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये दिए जाएंगे। फ्लैगशिप योजना पुरस्कारों की तरह ये नकद पुरस्कार भी विजेता टीम के सदस्यों में समान रूप से विभाजित किए जाएंगे ताकि टीम वर्क और सामूहिक उपलब्धि की भावना को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जिला स्तर पर जिला-स्तरीय पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जो प्रत्येक जिले के उपायुक्त द्वारा प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक जिले में तीन श्रेणियों की टीमों को मान्यता दी जाएगी। इनमें प्रथम स्थान 31 हजार रुपये, दूसरे स्थान 21 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान के लिए 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक पुरस्कृत टीम को संबंधित जिले के मंडल आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। राज्य-स्तरीय फ्लैगशिप योजना पुरस्कार श्रेणी के तहत प्रमुख राज्य पहलों में असाधारण प्रदर्शन को मान्यता स्वरूप अधिकतम 6 पुरस्कार दिए जाएंगे। इसी तरह राज्य-स्तरीय पुरस्कारों में भी 6 सम्मान शामिल होंगे। इसके तहत व्यक्तिगत राज्य-स्तरीय प्रदर्शन के लिए तीन पुरस्कार होंगे और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए एक-एक पुरस्कार दिया जाएगा। निर्धारित मापदंडों के अनुसार शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वाले जिलों के लिए तीन पुरस्कार निर्धारित किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रत्येक जिला तीन पुरस्कारों के लिए पात्र होगा, जिसमें शासन संबंधी पहलों के लिए शीर्ष तीन स्थानों को मान्यता दी जाएगी। कर्मचारियों को अपने ऑनलाइन आवेदन पर पोर्टल के माध्यम से या दस्ती तौर पर जिला-स्तरीय सशक्त समिति के पास जमा करवाने होंगे। इसके अतिरिक्त कर्मचारी पोर्टल के माध्यम से या नियमित मेल द्वारा अपनी सफलता की कहानी की एक अग्रिम प्रति जमा करा सकते हैं। जिला स्तरीय सशक्त समिति के पास आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2024 है। राज्य स्तरीय फ्लैगशिप योजनाओं (सरकार द्वारा), राज्य स्तरीय पुरस्कार (सशक्त समिति द्वारा) और जिला स्तरीय पुरस्कार (जिला स्तरीय सशक्त समिति द्वारा) सहित पुरस्कारों के लिए अंतिम सिफारिशों को 10 दिसंबर 2024 तक अंतिम रूप दिया जाएगा।

## सुखबीर बादल पर हमला पंजाब में आतंकवाद की वापसी के संकेत, राज्यपाल से मिले वीरेश शांडिल्य

**बादल पर हमला करने वाले बब्बर खालसा के आतंकी नारायण चौड़ा को देखते ही गोली मारनी चाहिए थी : शांडिल्य**

**आतंकवादी राजोआना को पटियाला जेल से तिहाड़ जेल में शिफ्ट करने की राज्यपाल से शांडिल्य ने की माँग कट्टरपंथी परवाना को गिरफ्तार करने की भी उठाई माँग**



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अम्बाला.** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने आज पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर पंजाब में बढ़ती आतंकी गतिविधियों और सुरक्षा से संबंधित गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण माँगें उठाईं, जिनमें धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और खालिस्तानी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की माँग की।

इस अवसर पर सुरेंद्र पाल केके, मनीष पासी, गोल्डी पाहवा व कई फ्रंट सदस्य मौजूद रहे । एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने राज्यपाल से शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की जाँच के लिए उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने इस घटना को पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था का परिणाम बताया और दोषी खालिस्तानी आतंकवादी पर सख्त कार्रवाई की माँग की । साथ ही शांडिल्य ने पंजाब के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करने की मांग की। उनका कहना था कि धार्मिक स्थलों पर आतंकी और कट्टरपंथी गतिविधियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

मुलाक़ात के दौरान वीरेश शांडिल्य ने बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री को धमकी देने वाले कट्टरपंथी बरजिंदर सिंह परवाना की तत्काल गिरफ्तारी की भी माँग की। उन्होंने कहा कि ऐसे कट्टरपंथी पंजाब और देश की शांति के लिए खतरा हैं और इन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने खालिस्तानी आतंकी बलवंत सिंह राजोआना को पटियाला जेल से तिहाड़ जेल में स्थानांतरित करने की भी मांग की। शांडिल्य ने कहा कि ऐसे आतंकियों का पंजाब में रहना खतरनाक है । मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीरेश शांडिल्य ने खालिस्तानी गतिविधियों पर एक सख्त कानून बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, खालिस्तानियों को देखते ही गोली मारने का कानून बनाया जाए ताकि पंजाब और देश की अखंडता को बनाए रखा जा सके। शांडिल्य ने राज्यपाल से आग्रह किया कि खालिस्तानी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कानून बनाने और विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने के लिए पंजाब सरकार को निर्देश दिए जाएं। शांडिल्य ने राज्यपाल से पंजाब में आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाला के खिलाफ बयान देने वाले हिंदू नेताओं पर दर्ज मुकदमों को रद्द करने की अपील की।

राज्यपाल ने एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए गृह मंत्रालय को ज्ञापन भेजा और पंजाब सरकार को कार्रवाई के लिए लिखित आदेश दिए हैं। वीरेश शांडिल्य ने में कहा कि पंजाब की सुरक्षा और शांति को लेकर वह कोई भी समझौता नहीं करेंगे और देश विरोधी तत्वों के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

## पंजाब का माहौल खराब करने में लगी है देश विरोधी ताकतें: डा. रमन घई



### पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमले का यूथ सिटीजन कौंसिल पंजाब ने किया कड़ा विरोध

डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर ( तरसेम दीवाना ) यूथ सिटीजन कौंसिल पंजाब की एक अपात बैठक जिलाध्यक्ष डा. पंकज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर श्री हरमंदिर साहिब के बाहर हुए जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। इस अवसर पर कौंसिल के प्रदेशाध्यक्ष डा. रमन घई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ देश विरोधी ताकतें पंजाब के माहौल को विदेशी ताकतों की शय पर खराब करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऐसी देश विरोधी ताकतों के खिलाफ पंजाब सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार सुखबीर सिंह बादल पर कातिलाना हमला पंजाब के माहौल व अमन शांति को भंग करने की एक गहरी साजिश थी, जिसे सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी के साथ नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाज विरोधी अनसर पंजाब के आपसी भाईचारे के बड़े दुश्मन है तथा इन लोगों की पहचान कर उन्हें ऐसी हरकतों से रोककर पंजाब के माहौल को सरकार शांतिमय रखें। उन्होंनें मुख्यमंत्री पंजाब व डीजीपी पंजाब से मांग की कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमला करने वाले अपराधी के किन-किन लोगों व संस्थाओं से संबंध हैं, इसकी भी सरकार गहनता से जांच करवाकर सभी दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाए। इस अवसर पर कौंसिल के जिलाध्यक्ष डा. पंकज शर्मा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हुए कातिलाना हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सरकार से सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर मनोज शर्मा, मोहित संधू, जसवीर सिंह, बलजिंदर सिंह, विक्की वर्मा, कपिल अग्रवाल, नरिंदर सिंह, दिलवाल सिंह पागा, दलजीत सिंह, मयंक शर्मा, जसविंदर सिंह, गर्वदीप सिंह, वरूण कटियाल, राजीव शर्मा, टिंकू बग्गा, लव कुमार, धीरज ऐरी, बोबी कुमार, करन आदि उपस्थित थे।

### गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में किया 1417 श्रद्धालुओं ने रक्तदान



**डेमोक्रेटिक फ्रंट मोहाली.** डेंगू की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एचडीएफसी बैंक ने अमर शहीद बाबा हनुमान सिंह जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह रक्तदान शिविर सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 8 बजे तक चला। इसमें ट्राईसिटी से आठ ब्लड बैंकस रक्त एकत्रित करने के लिए पहुंचे। रक्त लेने से पहले डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं का चेकअप किया, डॉक्टरों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है। बल्कि रक्तदान करने से व्यक्ति को गर्व महसूस होता है। एचडीएफसी से मोहित अम्बा, सलोनी, लाल चंद व असीम मालिक ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 1726 संगत के लोगों ने ब्लड डोनेट करने के लिए पंजीकृत करवाया 309 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से डाक्टरों द्वारा ब्लड डोनेट करने के लिए मना कर दिया गया। इस कैम्प में कुल 1417 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। सभी डोनर्स को प्रशंसा पत्र मौके पर ही दिए गए। एचडीएफसी बैंक के सदस्यों ने गुरुद्वारा प्रबंधकों के सभी सदस्यों का इस नेक सेवा कार्य करने पर धन्यवाद किया।

## मैक्स अस्पताल ने 1,500 सफल किडनी प्रत्यारोपण के साथ नया मानदंड स्थापित किया




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने आज अपनी स्थापना के बाद से 1,500 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण करने की एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की, जो इस तरह की उन्नत प्रत्यारोपण सेवाएं प्रदान करने वाला क्षेत्र का पहला निजी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र बन गया है। उत्तर भारत में सबसे तेजी से बढ़ते किडनी प्रत्यारोपण केंद्रों में से एक, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली सालाना 100 से अधिक प्रत्यारोपण करता है, जो गुणवत्तापूर्ण देखभाल और नवाचार के लिए एक उच्च मानक स्थापित करता है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली में किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट ने जटिल और चुनौतीपूर्ण मामलों से निपटने में खुद को अग्रणी के रूप में स्थापित किया है। इनमें एबीओ-असंगत प्रत्यारोपण (विभिन्न रक्त समूहों में), बाल चिकित्सा प्रत्यारोपण, दूसरी बार प्रत्यारोपण, स्वैप प्रत्यारोपण और रोबोट-सहायता वाले प्रत्यारोपण शामिल हैं। हाल ही में, टीम ने दो पूर्व ग्राफ्ट अस्वीकृतियों वाले एक मरीज पर तीसरा किडनी प्रत्यारोपण करके एक दुर्लभ चिकित्सा उपलब्धि हासिल की।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली के किडनी ट्रांसप्लांट के निदेशक, डॉ. जगदीश सेठी ने कहा, हमारी पूरी मेडिकल टीम की ओर से, मुझे 1,500 किडनी ट्रांसप्लांट पूरे करने के इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को साझा करने पर गर्व है। यह उपलब्धि न केवल दर्शाती है हमारी उन्नत चिकित्सा क्षमताएं, लेकिन हमारे मरीज़ों का हम पर अटूट विश्वास भी है। प्रत्येक सफल प्रत्यारोपण किसी जरूरतमंद के लिए आशा और नए जीवन का प्रतीक है। प्रत्यारोपण अंतिम चरण के गुर्दे की विफलता वाले रोगियों के लिए स्वर्ण मानक बना हुआ है, जिससे गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है जीवन, डायलिसिस पर निर्भरता कम करना और मृत्यु दर कम करना।

डॉ. सेठी ने अस्पताल के विविध रोगी जनसांख्यिकीय पर भी प्रकाश डाला और कहा, हमें देश भर और विदेशों से मरीजों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। जबकि हमारे अधिकांश मरीज पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से आते हैं, हम क्षेत्रों के व्यक्तियों को भी सेवा प्रदान करते हैं। जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मणिपुर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय रोगियों के लिए यह ट्रस्ट हमारी प्रतिष्ठा और सीमाओं के पार हमारी देखभाल के प्रभाव को रेखांकित करता है। भारत में किडनी की विफलता से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं, अनुमानित 2,20,00 लोगों को हर साल प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। हालाँकि, दानदाताओं और विशिष्ट केंद्रों की सीमित संख्या के कारण इन जरूरतों का केवल एक अंश ही पूरा हो पाता है। इसके विपरीत, वर्तमान में, प्रत्येक वर्ष केवल लगभग 7,500 किडनी प्रत्यारोपण किए जाते हैं। मैक्स अस्पताल, मोहाली दाता अंगों की उपलब्धता बढ़ाने और जीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच का विस्तार करने के लिए शव दान कार्यक्रम शुरू करके इस अंतर को पाटने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। (विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से राष्ट्रीय स्वास्थ्य रिकॉर्ड)। डॉ विनय सखुजा, वरिष्ठ निदेशक, नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने कहा, गुर्दा प्रत्यारोपण की मांग उपलब्ध अंगों की आपूर्ति से कहीं अधिक है। हमारे आगामी शव दान कार्यक्रम के माध्यम से, हमारा लक्ष्य इस कमी को दूर करना और उन रोगियों को आशा देना है जिनके पास अन्यथा सीमित विकल्प हैं। हमारी प्रतिबद्धता अधिक व्यक्तियों के लिए उन्नत प्रत्यारोपण देखभाल को सुलभ बनाना है , उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार। हमारी टीम प्राप्तकर्ताओं और दाताओं दोनों के लिए असाधारण परिणाम प्राप्त करने के लिए समर्पित है। हमारे अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण की सफलता दर किडनी प्रत्यारोपण की वैश्विक सफलता के बराबर है, जिसके बाद अधिकांश रोगी स्वस्थ, पूर्ण जीवन जी रहे हैं। -प्रत्यारोपण हमारी मेडिकल टीम के कौशल, समर्पण और नवीन दृष्टिकोण का एक प्रमाण। डॉ. मुनीश चौहान, एसोसिएट डायरेक्टर - नेफ्रोलॉजी, और डॉ. मनीष सिंगला, वरिष्ठ सलाहकार - नेफ्रोलॉजी विभाग, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली, क्रोनिक किडनी रोगों के रोगियों को विशेषज्ञ देखभाल प्रदान करने और किडनी प्रत्यारोपण के परिणामों को आगे बढ़ाने में सहायक रहे हैं।

## सुखबीर सिंह बादल के प्रति जनता में अब भी आक्रोश है, लेकिन उन पर हमला करना गलत है: सतलुज

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** मिसल सतलुज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बराड़ ने सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले के प्रयास की निंदा की और इसे हालात और समय को देखते हुए गलत कदम बताया।



कल, श्री अकाल तख्त साहिब के सिंह साहिबानों द्वारा किए गए एक ऐलान के बाद, जिसमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को तनखैया (धार्मिक प्राधिकरण द्वारा दोषी घोषित व्यक्ति) घोषित किया गया, उन्हें श्री दरबार साहिब, अमृतसर के गेट पर सेवा करके प्रायश्चित करने का आदेश दिया गया। सुखबीर सिंह बादल ने कल इस प्रायश्चित को पूरा करना शुरू किया।

अजयपाल सिंह बराड़ ने कहा कि श्री दरबार साहिब के अंदर सुखबीर सिंह बादल पर हमला करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुखबीर सिंह बादल श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार सेवा कर रहे थे, और इस सेवा के दौरान उन पर गोली चलाना इन आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि सुखबीर सिंह बादल के साथ व्यक्तिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन प्रायश्चित के दौरान किसी भी व्यक्ति पर हमला करना अत्यंत अनुचित है। बराड़ ने आगे कहा कि पंजाब के गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, सुखबीर सिंह बादल ने आम जनता पर अत्यधिक अत्याचार और उत्पीड़न किया, जिसके कारण आज लोग उनके प्रति गुस्सा रखते हैं। हालांकि, इस गुस्से को ऐसे हमले के रूप में व्यक्त करना उचित नहीं है।

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम का प्रशिक्षण दिया



**चण्डीगढ़।** चण्डीगढ़ सीनियर सिटीजन एसोसिएशन (सीएसएनए), ईस्टर्न चैप्टर की मासिक बैठक और मिलन समारोह सेक्टर 27 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य रतन व शामलाल लाल सिंघला द्वारा श्लोकों के पाठ से हुई। फोर्टिस अस्पताल, मोहाली की बीएलएस टीम ने सभी सदस्यों को बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसमें सभी सदस्यों ने तंबोला और गीतों का आनंद लिया। दिसंबर माह में जन्म लेने वाले सदस्यों का जन्मदिन भी मनाया गया। चैप्टर हेड श्रीमती लवलीन कौर ने सदस्यों और प्रायोजकों का धन्यवाद किया।

### सीबीपीएसए ने किया इंस्पेक्टर बलदेव कुमार को सम्मानित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** चण्डीगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर बलदेव कुमार ने पिछले दिनों मालदीव्स मे सम्पन्न हुई वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल किया था। इस उपलब्धि के लिए चण्डीगढ़ बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिकल स्पोर्ट्स एसोसिएशन (सीबीपीएसए) द्वारा इंस्पेक्टर बलदेव कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कलविंदर सिंह तथा अन्य पदाधिकारी उपकार सिंह, सूरज भान, नकुल कौशल, सिद्धांत भारद्वाज, प्रदीप सिंह, राहुल, विक्रम व अमन धीमान भी मौके पर मौजूद थे। कलविंदर सिंह ने बताया कि चण्डीगढ़ में स्टेट लेवल की बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप की प्लानिंग हो चुकी है व इसकी आधिकारिक तिथि 2 मार्च निर्धारित की गई है।

### एसडीजी क्लब ने धारिणी पर्यावरण जागरूकता सोसायटी के सहयोग से राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-46 के एसडीजी क्लब ने धारिणी पर्यावरण जागरूकता सोसायटी के सहयोग से राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया। प्रदूषण नियंत्रण पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ इस मुद्दे पर उनके वर्तमान ज्ञान का आकलन करना था। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर जेके सहगल ने हमारे आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि व्यक्तिगत स्तर पर किए गए छोटे कार्य प्रकृति को उसके प्राचीन रूप में संरक्षित करने में एक लंबा रास्ता तय कर सकते हैं। कॉलेज की डीन अनुराधा मित्तल और वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर स्नेह हर्षिंदर शर्मा ने एसडीजी क्लब और पर्यावरण जागरूकता सोसायटी के प्रयासों की सराहना की कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रितु सरसोहा और डॉ. अमनप्रीत कौर द्वारा किया गया था।

### विश्वास स्कूल के छात्रों ने किया ओल्ड एज होम का दौरा



**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** सेक्टर -9, स्थित बी.के.एम. विश्वास स्कूल के छात्रों ने स्कूल की डायरेक्टर माननीय साध्वी नीलिमा विश्वास जी व प्रधानाचार्या अंजू सिंगला जी के निर्देशन में ओल्ड एज होम का दौरा किया। सभी बच्चों ने अपनेपन की भावना से वहां पर रहने वाले वृद्ध लोगों का हाल-चाल पूछा व उन्हें कंबल, शहद व जरूरत का कुछ सामान वितरित किया। इस तरह की सामाजिक गतिविधियों से बच्चों में समाज सेवा का भाव जागृत किया जा सकता है।

# फोर्टिस मोहाली ने 81 वर्षीय मरीज पर सफलतापूर्वक ट्रांसकैथेटर माइट्रल वॉल्व रिप्लेसमेंट किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने 81 वर्षीय एक मरीज पर ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएमवीआर) प्रक्रिया सफलतापूर्वक की है, जो उन्नत कार्डियक केअर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मरीज को गंभीर माइट्रल रेगुर्गिटेशन (हृदय की एक ऐसी स्थिति जो तब होती है जब माइट्रल वाल्व ठीक से बंद नहीं होता है, जिससे रक्त हृदय के ऊपरी कक्ष में पीछे की ओर प्रवाहित होता है) का पता चला था, वह सांस फूलने और थकान जैसे लक्षणों से जूझ रहा था, और दवाओं से उसे सीमित राहत मिल रही थी। माइट्रल वॉल्व को बदलना सामान्य हृदय कार्य को बहाल करने का एकमात्र विकल्प बन गया।

डॉ. अरुण कोचर, एडिशनल डायरेक्टर कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली ने अपनी टीम के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया, जिसमें क्षतिग्रस्त माइट्रल वाल्व को बायोप्रोस्थेटिक वाल्व (पोर्सिन टिशू, बोवाइन पेरीकार्डियम या मानव ऊतक जैसी जैविक सामग्रियों से बना हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट) से बदलने के लिए



अत्याधुनिक टीएमवीआर तकनीकों का उपयोग किया गया। एक छोटे से चीरे के माध्यम से कैथेटर का उपयोग करके की गई इस मिनिमल इनवेसिव प्रोसीजर ने ओपन-हार्ट सर्जरी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, जिससे दर्द और रिकवरी का समय कम हो गया। यह तकनीक उन मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो बहुत कमजोर हैं या जिनकी अन्य स्वास्थ्य समस्याएं ओपन-हार्ट सर्जरी को जोखिम भरा बनाती हैं। टीएमवीआर का उपयोग लीक माइट्रल वॉल्व या एक कठोर वॉल्व का इलाज करने के लिए किया जा सकता है जो ठीक से नहीं खुलता। मरीज और उनके परिवार को इस प्रक्रिया की सुरक्षा और प्रभावशीलता के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रक्रिया के बाद, मरीज में उल्लेखनीय सुधार देखा गया, उनकी हृदय क्रिया स्थिर हो गई और वे अपनी दैनिक गतिविधियों में लौट आए। इस मामले पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. कोचर ने बताया कि टीएमवीआर बुजुर्ग मरीजों के लिए एक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है, जो गंभीर माइट्रल वॉल्व रोग से पीड़ित हैं।

आधुनिक चिकित्सा प्रगति हमें सुरक्षित, कम इनवेसिव उपचार प्रदान करने में सक्षम बनाती है, जो तेजी से रिकवरी और बेहतर परिणाम देती है। यह प्रक्रिया उन लोगों के लिए एक आशाजनक विकल्प है, जिनके पास पहले सीमित उपचार विकल्प थे, जिससे वे स्वस्थ और आरामदायक जीवन जी सकें। फोर्टिस मोहाली एडवांस्ड कार्डियक केअर में नए मानक स्थापित करता रहता है और जटिल हृदय स्थितियों के इलाज में इनोवेशन और एक्सेलेंसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करता है।



### बाल विवाह के प्रति जागरूक करने के लिए दिलाई शपथ

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वुमेन सेल की ओर से बाल विवाह के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलवाई गई। कालेज प्रिंसिपल डॉ मीनू जैन ने कार्यक्रम क अध्यक्षता की। कार्यक्रम कनवीनर पूजा सिंदवानी की देखरेख में हुआ। गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष पारूल सिंह मुख्य वक्ता रहीं। पारूल सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। इससे कानून का उल्लंघन भी होता है। बाल विवाह की वजह से बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास पर विपरित असर पडता है। उन्होंने बताया कि हर बिलास शारदा ने 1929 में सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली में बाल विवाह के रोकथाम हेतु बिल प्रस्तावित किया था। शारदा ने इस बिल का प्राथमिक उद्देश्य बाल-विधवा को रोकना बताया। चूँकि विधवा विवाह समाज में अनुमत नहीं था। आगे जाकर यह बिल बाल विवाह रोकथाम अधिनियम कहलाया। इस अधिनियम के तहत विवाह के लिए न्यूनतम आयु तय की गई। लड़की के न्यूनतम आयु 14 साल एवं लड़को के लिए 18 साल की थी। 1978 में, विवाह के लिए न्यूनतम आयु को बदला गया। जिसके बाद लड़के के विवाह के लिए 21 साल तथा लड़की के लिए 18 साल कर दी गयी। इस कानून के तहत दो साल की सजा व एक लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने आसपास के क्षेत्र में लोगों को बाल विवाह के प्रति जागरूक करें।

### शान्ति निकेतन स्कूल में 'ध्यान' विषय पर सेमिनार आयोजित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** एम. सी. कॉलोनी स्थित शान्ति निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में ध्यान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें संत कृपाल आश्रम, हिसार से आए वक्ता सीमा बतरा, रीना, मधु गक्खड़ एवं कशिश ने सेमिनार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को ध्यान के माध्यम से पर्सनैल्टी डिवलैपमैन्ट करने का ज्ञान प्रदान किया तथा ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस सेमिनार में नौंवी से बाहरवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। शान्ति निकेतन विद्यापीठ के वाईस चेयरमैन इजि. साहिल दलाल, मेजर धर्मेश दलाल, सचिव गुलशन सेहरा, स्कूल प्रबंधक कंवल कुमार तथा स्टाफ सदस्य मैडम नुपुर जैन, पारुल, नीशू पाहवा, सुनीता, सोनिका, बाला कालड़ा, वंदना शर्मा, रजनी, शिक्षा, संगीता शर्मा ने संत कृपाल आश्रम, हिसार से आए वक्ता सीमा बतरा, रीना, मधु गक्खड़ एवं कशिश का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को सेमिनार द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वार्ड नंबर 10 में 25 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत आज़ाद नगर की गली नम्बर 7 में लगभग 25 लाख की लागत से स्टोर्म वाटर ड्रैनेज पाइप लाइन के कार्यों का शिलान्यास किया जो कि उपरोक्त गली में दोनों तरफ डाली जाएगी, शिलान्यास के पश्चात जब गली नम्बर 7 के निवासियों ने गली में सीवरेज की समस्या बताई जिस पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने साथ ही उस विभाग के अधिकारी को मौके पर फ़ोन लगा कर सीवरेज सिस्टम को आज ही ठीक करने को कहा। भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने भाजपा सरकार के माध्यम से यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 साल से लगातार सैकड़ों करोड रुपए के विकास कार्य करवा चुके हैं व आगे भी विकास कार्य ऐसे ही जारी रहेंगे,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार ने आउटसोर्सिंग व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, यही भाजपा सरकार की सबसे अच्छी व निष्पक्ष सोच है। पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि यह विकास कार्य तैय समय में हो व विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री लगे इस बात का सभी लोग ध्यान रखें।

### पीयू ने जाली और वास्तविक हस्ताक्षरों की पहचान करने के लिए एआई मॉडल विकसित किया - कॉपीराइट प्रदान किया गया




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग और फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं ने असली और जाली हस्ताक्षरों की पहचान करने के लिए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मॉडल विकसित किया है। भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय ने इस् द्ध मॉडल को कॉपीराइट पंजीकरण प्रदान किया है। इस मॉडल का उपयोग महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर जालसाजी जैसे धोखाधड़ी की पहचान करने के लिए किया जा सकता है।

एआई मॉडल को प्रो. केवल कृष्ण और उनकी शोध टीम ने विकसित किया है, जिसमें श्री राकेश मीना, सुश्री दामिनी सिवान, सुश्री पीहुल कृष्ण, सुश्री अंकिता गुलेरिया, सुश्री नंदिनी चितारा, सुश्री रितिका वर्मा, सुश्री आकांक्षा राणा और सुश्री आयुषी श्रीवास्तव शामिल हैं। प्रो. अभिक घोष और डॉ. विशाल शर्मा ने भी इस मॉडल को बनाने में विद्वानों का मार्गदर्शन किया। पीहुल कृष्ण यूआईईटी के पूर्व छात्र हैं और अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मंडी, हिमाचल प्रदेश के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी शोधार्थी हैं।

एआई मॉडल विकसित करना प्रो. केवल कृष्ण का विचार है जो एक प्रसिद्ध फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं और उन्होंने विभिन्न आपराधिक जांच विधियों को विकसित किया है। श्री राकेश मीना अपने पीएचडी शोध के लिए हस्ताक्षर सत्यापन पर काम कर रहे हैं जो अपने पीएचडी शोध के लिए इस मॉडल का उपयोग करेंगे।

एआई मॉडल एसवीएम (सपोर्ट वेक्टर मशीन) पर आधारित है, जो एक पर्यवेक्षित मशीन लर्निंग एल्गोरिदम है जो व्यावहारिक स्थितियों में वास्तविक और जाली हस्ताक्षरों में अंतर करता है। मॉडल को 1400 हस्तलिखित हस्ताक्षरों (700 वास्तविक और 700 जाली) पर वास्तविक और जाली हस्ताक्षरों को वर्गीकृत करने में 90त्न की सटीकता प्राप्त हुई।

एआई मॉडल अद्वितीय है और इसका उपयोग फोरेंसिक परीक्षाओं और आपराधिक जांच में किया जा सकता है जहां हस्ताक्षर जालसाजी शामिल है। फॉर्म, चेक, ड्राफ्ट, ट्रेजरी दस्तावेज़, संपत्ति के पंजीकरण और अन्य बैंक दस्तावेज़ों आदि पर हस्ताक्षरों की पहचान करने में मॉडल की प्रत्यक्ष उपयोगिता है। यह निश्चित रूप से फोरेंसिक वैज्ञानिकों और दस्तावेज़ परीक्षकों के कीमती समय को बचाएगा और जाली और असली हस्ताक्षरों की पहचान करने के लिए उनके काम के बोझ को कम करेगा।

कुलपति प्रोफेसर रेणु विग ने इस तरह के व्यावहारिक मॉडल को विकसित करने के लिए टीम को बधाई दी और पंजाब विश्वविद्यालय के अन्य शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को अनुसंधान में एआई के ज्ञान का उपयोग करने और नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित किया।




### गाँव दामला में व्यर्थ पानी बहाने वालों पर 1000 रुपये का लगेगा जुर्माना

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** बुधवार को ग्राम पंचायत दामला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने ग्राम सभा में ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पानी से संबंधित अन्य मुद्दों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। सरपंच गुरबक्शी देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सलाहकार रजनी गोयल ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि जल के बिना हम जीवित नहीं रह सकते अत: जल का प्रयोग हमें समझदारी से करना होगा और दूध की तरह जल का इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि जिस घर में पानी व्यर्थ बहता है वहां पर लक्ष्मी जी का भी स्थाई निवास नहीं होता। लगातार भूजल दोहन एवं ग्लोबल



वार्मिंग के कारण भू -जलस्तर बहुत नीचे जा रहा है इसलिए सभी को अपनी भावी पीढ़ी के लिए जल बचाना होगा। इस अवसर पर व्यर्थ पानी बहाने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रस्ताव जिला सलाहकार रजनी गोयल ने रखा, जिस पर ?1000 जुर्माना का निर्णय भी लिया गया, जिसे ग्राम सभा में उपस्थित सभी जनों ने समर्थन किया और प्रस्ताव पास किया गया।उपस्थित ग्राम सचिव नरेश शर्मा ने भी बताया कि समय-समय पर ग्रामीणों को जल बचाने बारे मुनियादी भी कराई जाती है उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति निरर्थक पानी बहाएगा उस पर ग्राम जल एवं सीवरेज समिति एक हजार रुपए का जुर्माना लगाएगी। गोयल ने बताया कि जल एवं सिवरेज समिति में 16 सदस्य होते है होते हैं जिनमें से 8 सदस्य महिलाएं होती है। उन्होंने बताया कि पानी से संबंधित सभी कार्य महिलायें ही करती है। इसलिए इस कमेटी में 50त्न यानी कि आठ महिलाओं की हिस्सेदारी रखी गई है। जिनमें से ग्राम पंचायत का सरपंच अध्यक्ष, इस समिति के सदस्यों के रूप में पंचों में से तीन सदस्य जिनमें से दो महिलाएं होती है जिनमें एक अनुसूचित वर्ग से और एक सामान्य वर्ग से सदस्य होगी जिसे ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा नामित किया जाएगा। ग्राम सचिव संयोजक होते हैं। पंच और सरपंच के अलावा चुने जाने वाले चार सदस्य जिनमें से न्यूनतम तीन महिलाएं आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, महिला मंडल प्रधान, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सदस्य सदस्य, ग्राम पंचायत से कोई सक्रिय सदस्य, शिक्षक,ग्राम चौकीदार, पंप ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन/प्लंबर/हेल्पर, विकास एवं पंचायत विभाग से जूनियर इंजीनियर, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जूनियर इंजीनियर आदि होते है। इस अवसर पर विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-180- 5678 के बारे में भी बताया गया।

ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372

स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com